# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026


## बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा : डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भाजपा नेताओं ने किया नमन, 'एक देश, एक विधान' के संकल्प को दोहराया।

Publisher

Published on 24 Jun 2025



# जयपुर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय मे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे मुंख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्रीगण और कार्यकर्ताओं ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि।

सवांदाता, जयपुर,

राजस्थान

**जयपुर, राजस्थान :** भारतीय जनता पार्टी के **प्रदेश कार्यालय, जयपुर** में सोमवार को **परम श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस** पर एक **श्रद्धांजलि सभा** का आयोजन किया गया। इस मौके पर पार्टी के **वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों** ने देश की **एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले डॉ. मुखर्जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित** की।

इस अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, राज्य मंत्री दिया कुमारी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, जयपुर जिलाध्यक्ष अमित गोयल, सहित कई प्रमुख नेता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**नेताओं के विचार :**

१. मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि, "डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारत की एकता के लिए जो बलिदान दिया, वह हमारे लिए

मार्गदर्शक है। आज हम उनके संकल्प 'एक देश, एक निशान, एक विधान' को पूर्ण रूप से आत्मसात करते हैं।"

२. डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि, "उनका बलिदान आज भी हमें राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देता है।"

३. दिया कुमारी ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि, "हमें राष्ट्र निर्माण में अपनी पूरी निष्ठा और ऊर्जा झोंकनी चाहिए, यही डॉ. मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।"

**सांस्कृतिक और प्रतीकात्मक आयोजन :**

१. **कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि से हुई**
२. **शांति वंदना और राष्ट्रगान के साथ सभा को श्रद्धामयी माहौल प्रदान किया गया**
३. **कार्यकर्ताओं को राष्ट्र समर्पण और सेवा भाव की शपथ भी दिलाई गई**

**डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी: एक परिचय**

डॉ. मुखर्जी भारतीय राजनीति के **राष्ट्रवादी स्तंभ** माने जाते हैं। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में **धारा 370 के विरोध** में अपनी आवाज उठाई और "एक देश, एक विधान, एक निशान" का संकल्प लिया।

**23 जून 1953 को उन्होंने देश की एकता** के लिए **अपने प्राणों की आहुति** दे दी, जो आज भी राष्ट्रभक्तों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.